वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 167 शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## मुख्यमंत्री ने ली जिला कलक्टर्स की बैठक

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए करें प्रभावी प्रबंधन, जिला स्तरीय इनवेस्टर्स मीट से निवेशकों को करें आकर्षितः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित जिला कलक्टर्स की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गांव से लेकर शहर तक आमजन को मौसमी बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए राज्य सरकार तत्परता के साथ निर्णय ले रही है। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के जलभराव क्षेत्रों में सघन फॉगिंग करने के निर्देश दिए।**



**जयपुर. कासं**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि डेंगू, मलेरिया एवं स्क्रब टाइफस जैसी मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के लिए राज्य सरकार पूरी सर्तकता के साथ अलर्ट मोड पर कार्य कर रही है। जिला कलक्टर्स आमजन को इन बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाएं। उन्होंने कलेक्टर्स को प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त स्वास्थ्यकर्मियों को नियोजित करने, स्वास्थ्य केन्द्र पर दवाईयों की पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करने और 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम की नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित किया। शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित जिला कलक्टर्स की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गांव से लेकर शहर तक आमजन को मौसमी बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए राज्य सरकार तत्परता के साथ निर्णय ले रही है। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के जलभराव क्षेत्रों में सघन फॉगिंग करने के निर्देश दिए।

## जिला इनवेस्टर्स मीट का छोटे निवेशकों को मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 से 11 दिसम्बर तक जयपुर में "राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024" का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला स्तर पर आयोजित होने वाले इनवेस्टर्स मीट के माध्यम से राइजिंग राजस्थान को सफल बनाएं। उन्होंने जिला कलक्टर्स को जिलों में औद्योगिक संगठनों एवं उद्योगपतियों व सीए से सार्थक चर्चा कर निवेश की संख्या बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि छोटे निवेश भी जिले में रोजगार के नवीन अवसर सृजित करने में अहम साबित होंगे। शर्मा ने समस्त जिला कलक्टर्स को रोजगार मेलों के आयोजन के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं पीएम इंटर्नशिप योजना के माध्यम से युवाओं को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

## समान पात्रता परीक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं हों सुनिश्चित

शर्मा ने 22 से 24 अक्टूबर को आयोजित होने वाली समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलक्टर्स को प्रश्न-पत्रों की सुरक्षा के लिए प्रभावी प्रबंधन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाखों परीक्षार्थियों का भविष्य इस परीक्षा में जुड़ा हुआ है, ऐसे में उनके लिए परिवहन, परीक्षा केन्द्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल सहित आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित कर ली जाएं।

## किसानों को मिले पर्याप्त उर्वरक, जमाखोरी पर हो कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कृषक कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वृहद् स्तर पर कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन कर रही है। उन्होंने कृषि विभाग को किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए कलक्टर्स को खाद के स्टॉक का नियमित निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने किसानों के लिए डीएपी खाद के विकल्प के रूप में एसएसपी को प्रोत्साहित करते हुए कलक्टर्स को इसके व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं नगरीय विकास विभाग को दीपावली से पूर्व प्रदेश की सभी क्षतिग्रस्त सड़को की मरम्मत एवं पेचवर्क करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। ऐसे में सड़क मरम्मत एवं पेच वर्क के कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़कों के डामरीकरण एवं मरम्मत कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर्स को इन कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राजस्व मण्डल अध्यक्ष हेमन्त गेरा को निर्देशित किया कि राजस्व प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में हर माह की अंतिम तारीख को जिला कलक्टर्स के साथ बैठक आयोजित कर रिपोर्ट लेवें। उन्होंने कहा कि संभागीय आयुक्त भी हर माह उपखण्डवार राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर इनकी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय भिजवाएं। साथ ही, उन्होंने आमजन को जमीन से जुड़े प्रकरणों में त्वरित राहत देने के क्रम में जिला कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी को लम्बित नोटिस, 251-ए (रास्तों के प्रकरण), धारा 53 (भूमि विभाजन) प्रकरण के समयबद्ध निस्तारण के लिए निर्देशित किया। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव सार्वजनिक निर्माण प्रवीण गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी भास्कर ए. सावंत, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव राजस्व एवं उपनिवेशन दिनेश कुमार, प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन राजेश कुमार यादव सहित विभिन्न विभागों के शासन सचिव एवं राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज उपस्थित रहे तथा समस्त जिला कलक्टर्स वीसी के माध्यम से जुड़े।

# उपासना सुरेका ने जन्मदिन पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश



**लक्ष्मणगढ़, सीकर. शाबाश इंडिया**

बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान के सह-संयोजक आकाश झुरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के संस्थापक, अध्यक्ष कवि हरीश शर्मा की प्रेरणा से अभियान की ओर से आयोजित महावृक्षारोपण अभियान के तहत गुरुवार को अभियान की सदस्या उपासना सुरेका ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पौधा लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। सुरेका ने कहा कि आज के युग में हर व्यक्ति को आगे आकर अधिक से अधिक पौधारोपण करना होगा ताकि पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सकें। इस अवसर पर पिंटू सुरेका, अभियान के कोषाध्यक्ष अनमोल सुरेका, पायल सुरेका सहित टीम के सदस्य मौजूद रहे।

# एबी डांडिया बीट 2024 में झूमी महिलाएं

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** यूनिराज एलुमिनी फैडरेशन ,सरस्वती प्रिंटिंग इंडस्ट्रीज , क्रेवटिव वूमेन सोसाइटी द्वारा आयोजित डांडिया बीट्स में 300 से अधिक महिलाओ व युवतियों ने जम कर थिरकी ' मुख्य आयोजक बसंत जैन बैराठी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध उद्योगपति व क्लॉथ बैग एक्सपोर्टर समाज सेवी शेखावाटी इंपेक्स के चेयरमैन दिनेश गुप्ता जी थे दीप प्रज्वलन कर्ता रोटरी क्लब जयपुर बापूनगर के अध्यक्ष प्रसिद्ध एडवोकेट अशोक गोयल जी थे ' यूनिराज एलुमिनी फैडरेशन के संजय झवर ने आगे बताया कि इसमें बेस्ट कोरियोग्राफी का अवार्ड युवा वेदांशी अग्रवाल को ,बेस्ट ड्रेस का भावना गहलोत ,अमिता मालू को , सयोंजक अंजना अग्रवालने बताया कि कार्यक्रम में एडवोकेट ऊषा लोहिया , सरस्वती प्रिंटिंग इंडस्ट्री की ब्रांड एंबेसडर जया मनराल, पक्की भायली फाउंडेशन की सोनू अग्रवाल, होटल बेला कासा के मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल गर्ग, प्रसिद्ध समाज सेविका ज्योति मिश्रा,पूनम कुमावत, वसुप्रधा एग्जीबिशन की डायरेक्टर मनीषा जैन ने भी शिरकत की संयोजक मनीषा जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में फिल्म एक्टर दीपेश गौर, नेशनल चेस पालयर वाणी ज्जैन ,पांच वर्षीय बाल फिल्म कलाकार। आर्बिक बैराठी एबी डांडिया बीट 2024 में झूमी महिलाए यूनिराज एलुमिनी फैडरेशन ,सरस्वती प्रिंटिंग इंडस्ट्रीज , क्रेवटिव वूमेन सोसाइटी द्वारा आयोजित डांडिया बीट्स में 300 से अधिक महिलाओ व युवतियों ने जम कर थिरकी । मुख्य आयोजक बसंत जैन बैराठी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध उद्योगपति व क्लॉथ बैग एक्सपोर्टर समाज सेवी शेखावाटी इंपेक्स के चेयरमैन दिनेश गुप्ता जी थे दीप प्रज्वलन कर्ता रोटरी क्लब जयपुर बापूनगर के अध्यक्ष प्रसिद्ध एडवोकेट अशोक गोयल जी थे । यूनिराज एलुमिनी फैडरेशन के संजय झवर ने आगे बताया कि इसमें बेस्ट कोरियोग्राफी का अवार्ड युवा वेदांशी अग्रवाल को, बेस्ट ड्रेस का भावना गहलोत, अमिता मालू को , बेस्ट कपल ड्रेस राज निकिता ,बेस्ट नृत्य पूजा शर्मा ने अवार्ड जीतें' सयोंजक अंजना अग्रवालने बताया कि कार्यक्रम में एडवोकेट ऊषा लोहिया , सरस्वती प्रिंटिंग इंडस्ट्री की ब्रांड एंबेसडर जया मनराल, पक्की भायली फाउंडेशन की सोनू अग्रवाल, होटल बेला कासा के मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल गर्ग , प्रसिद्ध समाज सेविका ज्योति मिश्रा,पूनम कुमावत , नरेंद्र। उपाध्याय, पवन बज, दौसा से पधारी मिस राजस्थान ग्लैम कल्पना शर्मा, सिंगर ललिता ने भी शिरकत की ' संयोजक मनीषा जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में फिल्म एक्टर दीपेश गौर, नेशनल चेस प्लेयर वाणी जैन, पांच वर्षीय बाल फिल्म कलाकार जज आर्बिक बैराठी सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में उपस्थित थे। कार्यकम का संचालन प्रसिद्ध एंकर सीखा जैन ने किया।



# आचार्य शांति सागर जी महाराज आचार्य पद प्रतिष्ठापना शताब्दी समारोह की तैयारी



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आचार्य शांति सागर जी महाराज का आचार्य पद प्रतिष्ठापना शताब्दी समारोह के क्रम में नेमीसागर जैन मंदिर में महासभा के अध्यक्ष कमल बाबू जैन द्वारा नेमिसागर समिति के अध्यक्ष जेके जैन कालाडेरा व समाज के गणमान्य पुरुष महिलाओं को ध्वज, शांति सागर जी महाराज का चित्र, उनके जीवन परिचय की पुस्तिका व आमंत्रण पत्र भेट किया। जे के जैन कालाडेरा ने बताया कि शांति सागर जी महाराज का शताब्दी समारोह पुरे वर्ष मनाया जा रहा है।

# 52 साल पुरानी एतिहासिक काला प्याऊ का जीर्णोद्धार करवाया



**सुजानगढ़. शाबाश इंडिया।** शहर के दुलिया बास में बनी 52 साल पुरानी एतिहासिक काला प्याऊ का फिर से जीर्णोद्धार करवाया गया है। भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्याऊ का पूरा नवीनीकरण किया गया है। मोहनलाल सोहनलाल मिश्रीलाल काला चेरिटेबल ट्रस्ट कोलकाता के सौजन्य से प्याऊ के जीर्णोद्धार के बाद गुरुवार को उदघाटन समारोह हुआ। सुजलांचल विकास मंच समिति की ओर से संचालित प्याऊ का भामाशाह ट्रस्ट के कंवरीलाल काला ने फीता काटकर शुभारंभ किया। समिति के महावीर प्रसाद पाटनी ने बताया कि प्याऊ का निर्माण पूर्व विधायक फूलचंद जैन के समय काला परिवार ने 1972 में करवाया था। कार्यक्रम में मोतीलाल काला, जवाहर काला, माणक काला, अजीत काला, भामाशाह प्रकाशचंद पाटनी, खेमचंद बगड़ा, सुनील जैन सडूवाला, पारसमल बगड़ा, लालचंद बगड़ा, सुरेंद्र बगड़ा, पार्षद पुरुषोत्तम शर्मा, पंकज घासोलिया, दीनदयाल पारीक, मुकुल मिश्रा, विनित बगड़ा, सारिका पाटनी, मुकेश सैन, घीसूलाल बागड़ा, शांताराम सैन व जीतेंद्र काला आदि उपस्थित थे। समिति अध्यक्ष उषा बगड़ा ने आभार जताया।



अभीक्षण ज्ञानोपयोगी, वात्सल्य रत्नाकर व राष्ट्र हितेषी संत

# आचार्य गुरुदेव 108 वसुनंदी जी महाराज

के 35 वें

## दीक्षा दिवस पर नमन्

नमनकर्ता

देव शास्त्र व गुरु भक्त जनों की एक मात्र सेवा भावी पंजीकृत संस्था

## अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान

इकाई : प्रान्तीय धर्म जागृति संस्थान, राजस्थान

| प्रान्तीय अध्यक्ष | कार्याध्यक्ष | महामंत्री |
|---|---|---|
| पदम चन्द जैन (बिलाला) | अनिल कुमार जैन | सुनील कुमार पहाड़िया |
| (जनकपुरी, जयपुर) | (आई.पी.एस., बसवा) | (थड़ी मार्केट, जयपुर) |
| मो 9314024888 | मो 9414337555 | मो 9314995657 |

| वरिष्ठ उपाध्यक्ष | वरिष्ठ उपाध्यक्ष | सयुक्त महामंत्री | मंत्री | कोषाध्यक्ष | सह कोषाध्यक्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| पवन कुमार चौधरी | राजीव जैन | संजय बड़जात्या | राजीव कुमार पाटनी | पंकज जैन (लुहाड़िया) | महेश चन्द काला |
| (अलवर) | (लाखना) | (कामा) | (झोटवाड़ा, जयपुर) | (थड़ी मार्केट, जयपुर) | (चंदलाई) |
| मो 9414020800 | मो 9413229913 | मो 9351636462 | मो 9314501479 | मो 9351302142 | मो 9829600631 |

संरक्षक

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| श्री शांति कुमार श्रीमति ममता सौगाणी (जापान वाले, जयपुर) मो 9414056956 | श्री वीरेन्द जैन (बाड़मेर वाले, अजमेर) मो 9414106817 | श्री रश्मिकांत सोनी (जयपुर) मो 9829055514 | श्री रमेश चन्द् गर्ग (बोलखेड़ा) मो 9810491559 | श्री जय कुमार जैन (कोटा वाले, कोटा) मो 9414068250 |
| श्री शैलेन्द्र गोधा (समाचार जगत, जयपुर) मो 9829055088 | श्री राजेश गंगवाल (लालसोट वाले) मो 9314539310 | श्री प्रेमचन्द छाबड़ा (दौसा वाले) मो 9414052412 | श्री ज्ञानचंद जैन (भौंच) (बस्सी वाले) मो 9461242478 | श्री ओमप्रकाश काला (मामाजी) (गंगापुर वाले) मो 8829021691 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजीव जैन बापू नगर (गाजियाबाद वाले) ( मो 09414054571 | श्री राकेश जैन (माधोराजपुरा वाले) मो 9214059270 | श्री ऋषभ सेठी, तिलक नगर (रामगंज मंडी वाले) मो 9414041003 |

प्रांतीय कार्यालय : 21 शिवा कॉलोनी, इमलीवाला फाटक, जयपुर

# वेद ज्ञान

## मन की यात्रा अधूरी ही होती है

मन की यात्रा अधूरी ही होती है। वैसे तो आदमी जीता पूरा है और पूरी तरह से जीने का प्रयास करता है, पर वह जी नहीं पाता। ऐसा इसलिए, क्योंकि वह जीने के लिए प्रयास करता है। उन प्रयासों में वह कुछ संभावनाओं में डूबकर जीता है। कुछ कल्पनाओं में डूबकर जीता है। और कभी-कभी स्वप्न में इस तरह खोकर जीता है, जैसे उसका यही सत्य है। यही जीवन है। आदमी का यह मन ही तो है। मन जो मान लेता है, उसी की यात्रा करने लगता है। उसी के नशे में डूबकर कुछ समय काट लेता है। मन सभी चीजों को स्वीकार कर लेता है। मन सभी तरह की बातों को बर्दाश्त कर लेता है। वह केवल अपना रास्ता खोजता रहता है। वह खाने में, पीने में, सोने-जागने में भी अपना प्रभाव रखता है। इसलिए आदमी पूरी तरह से सो भी नहीं पाता। सोकर भी वह स्वप्न में खो जाता है। सोकर वह यात्राएं करने लगता है। स्वप्न में ही उठकर चलने लगता है। स्वप्न में ही मन के भटकाव को मुक्ति देने का प्रयास करता है और कभी-कभी तो सो भी नहीं पाता। पूरी रात स्वप्नों में ही गुजार देता है। वैसे तो मनुष्य पूरी व्यवस्थाओं के साथ जन्म लेता है। जब वह जन्म लेता है तो मां के स्तन में दूध आ जाता है और प्रेम के अनुग्रह का अथाह सागर उसके लिए उमड़ पड़ता है, पर जैसे-जैसे उसकी दुनिया बढ़ती जाती है। वह अपने जीवन के प्रश्नों के समाधान में उलझ जाता है। आदमी की मांग बढ़ती जाती है। प्रश्नों का चक्रव्यूह बढ़ता जाता है। चाहतें बढ़ने लगती हैं। समाधान की खोज में यात्राएं होती रहती हैं। किसी स्थूल यात्रा को वह पूरा कर लौट आता है। तो किसी में उलझ कर छोड़ आता है। आदमी के प्रश्न भी अनेक तरह के हैं और समाधान के मार्ग भी भिन्न तरह के हो जाते हैं। आदमी की कई तरह की चाहतें हैं। अनेक तरह से प्रेम करता है। कोई प्रेमिका के प्रेम में या किसी प्रेमी के प्रेम में खोकर अपना स्वर्ग समझ लेता है। इसी को अपनी जिंदगी समझ लेता है। तो कोई धन से प्यार करता है, कोई पद प्रतिष्ठा से तो कोई कला से प्रेम करने लगता है। इस प्रकार मन के कहने पर वह हर काम करता है, लेकिन बाद में उसे यह अहसास होता है कि मन के कहने पर वह जो भी करता है, अंततः हाथ कुछ नहीं आता। मन की नीरसता व रिक्तता दूर नहीं होती। यह रिक्तता तो ध्यान से ईश्वर की शरण में जाने से ही पूरी हो सकती है।

# संपादकीय

## रेपो दर का होगा व्यापक असर...

भारतीय रिजर्व बैंक ने फिर अपनी मौद्रिक नीति में कोई बदलाव करने से परहेज किया है। दसवीं बार रेपो दर को यथावत रखा गया है। फिलहाल वह साढ़े छह फीसद है। यह फैसला महंगाई पर काबू पाने के मकसद से किया गया है। रिजर्व बैंक ने अगले दो वित्त वर्षों में महंगाई के चार फीसद से ऊपर रहने का अनुमान लगाया है। नई मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद की पहले की अनुमानित दर को कम किया



गया है। स्वाभाविक ही रिजर्व बैंक के कदम अभी ठिठके हुए हैं। रिजर्व बैंक का मानना है कि अगर महंगाई को चार फीसद से नीचे लाकर स्थिर करने में कामयाबी मिल जाती है, तो विकास दर दहाई के आंकड़े को छू सकती है। हालांकि दुनिया में जिस तरह के हालात हैं और बहुत सारे देश मंदी की मार झेल रहे हैं, उसमें भारत की अर्थव्यवस्था ने अपने को संभाल रखा है। यहां मंदी के झटके उस तरह नहीं लगे, जैसे कई विकसित कहे जाने वाले देशों में भी देखने को मिले। इस वक्त भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। ऐसे में रिजर्व बैंक ब्याज दरों में किसी भी तरह का परिवर्तन कर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता। यह ठीक है कि रेपो दर में कोई बदलाव न होने से कर्ज लेकर घर, वाहन आदि खरीदने वालों पर किस्त चुकाने का बोझ नहीं बढ़ेगा। मगर हकीकत यह है कि फिलहाल रेपो दर अपने उच्च स्तर पर है। रेपो वह दर होती है, जिस पर रिजर्व बैंक दूसरे बैंकों को कर्ज देता है। इस तरह बुजुर्गों आदि को अपने बचत खाते की जमा राशि पर कुछ अधिक ब्याज मिल रहा है। मगर जिन लोगों ने कर्ज लिया हुआ है, उन पर पहले की तुलना में किस्तें बढ़ा कर चुकानी पड़ रही हैं। करीब दो वर्ष पहले जब खुदरा महंगाई बढ़ कर सात फीसद के आसपास पहुंच गई थी, तब रिजर्व बैंक ने रेपो दरें बढ़ानी शुरू की थी। थोड़े-थोड़े समय बाद छह बार रेपो दर में बढ़ोतरी की गई और वह ढाई फीसद तक बढ़ गई। इससे आंकड़ों में महंगाई पर अंकुश तो लगता दिखा, पर लोगों पर किस्तों का बोझ भी बढ़ गया। लंबे समय से अपेक्षा की जा रही है कि रिजर्व बैंक रेपो दर में कुछ कटौती करेगा, ताकि व्यवसायियों और नौकरी-पेशा लोगों को मकान, दुकान, वाहन आदि के कर्ज का बोझ कुछ कम हो। मगर रिजर्व बैंक फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। जहां तक महंगाई पर काबू पाने का सवाल है, आंकड़ों में जरूर इसे कुछ काबू में दिखाया जाता है, मगर धरातल पर यह लगातार आम आदमी की जेब पर बोझ डाल रही है। खाने-पीने की वस्तुओं के दाम लोगों की पहुंच से दूर होते जा रहे हैं। अनाज, दालों, दूध-घी, खाद्य तेलों, फल-सब्जियों की कीमतें उन दिनों में भी घटती नजर नहीं आतीं, जब बाजार में उनकी आवक तेज होती है। त्योहारों का मौसम शुरू हो चुका है। इन दिनों बाजार में रौनक रहती है, कारोबारियों को कमाई की उम्मीद होती है, मगर महंगाई की मार का असर उस पर दिखता है। फिर, थोक महंगाई और खुदरा महंगाई के बीच कोई तार्किक अंतर नजर नहीं आता। ऐसे में केवल रेपो दर को यथावत बनाए रख कर रिजर्व बैंक महंगाई को काबू में रखने की अपनी कोशिशों में कितना कामयाब होगा, दावा नहीं किया जा सकता। **-राकेश जैन गोदिका**

# परिदृश्य

## मिलजुलकर करने होंगे प्रयास

हाल में प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र में अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार के दस साल के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। उनके जीवन में सुधार आया है, मगर गरीबी और इसके कारणों को विस्तार से समझने की जरूरत है। उसके बाद ही गरीबी हटाने के उपायों को कारगर बनाया जा सकता है। भारत में गरीबी एक जटिल और बहुआयामी मुद्दा है, जो ऐतिहासिक, आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक कारकों के संयोजन से प्रभावित है। वर्ष 2023-24 में भारतीय राज्यों की जीडीपी के अनुसार, महाराष्ट्र सबसे धनी राज्य और बिहार सबसे गरीब राज्य माना गया है। नीति आयोग की नवीनतम रपट के अनुसार, पिछले नौ वर्षों में लगभग 24.82 करोड़ भारतीय बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश और राजस्थान में बहुआयामी गरीबी में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई, जो कि लगभग 13.88 करोड़ लोगों को गरीबी से निकालने का दावा करती है । रपट पिछले नौ वर्षों में बहुआयामी गरीबी में 17.89 फीसद की गिरावट की ओर इशारा करती है, क्योंकि इस स्थिति में रहने वाले लोगों की संख्या 2013-14 में 29.17 फीसद थी और 2022-23 में 11.28 फीसद ( लगभग 15.5 करोड़ भारतीय ) थी। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआइ) गरीबी के स्तर और तीव्रता को मापने के लिए तीन व्यापक आयामों- स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर का उपयोग करती है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने सौ से अधिक विकासशील देशों में गरीबी के स्तर को निर्धारित करने के लिए इस पद्धति का उपयोग किया है। भारत ने अपने राष्ट्रीय एमपीआइ में स्वास्थ्य और जीवन स्तर के आयामों के तहत दो नए मानक- मातृ स्वास्थ्य और बैंक खाते जोड़े हैं। भारत में हर घर को इन बारह मानदंडों के आधार पर अंक दिया जाता है। अगर किसी घर का अभाव अंक 33 फीसद से अधिक है, तो उसे बहुआयामी गरीब के रूप में पहचाना जाता है। नीति आयोग की रपट बताती है कि भारत अपने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के लक्ष्य 1.2 को प्राप्त करने की संभावना रखता है, जिसका लक्ष्य 2030 तक बहुआयामी गरीबी को आधा करना है। रपट इस बात पर जोर देती है कि पोषण अभियान, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत अभियान और प्रधानमंत्री जन-धन योजना जैसे सरकारी कार्यक्रमों ने बहुआयामी गरीबी को कम करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। वहीं फरवरी, 2024 में जारी भारतीय स्टेट बैंक के शोध के अनुसार, देश में गरीबी दर 2022-23 में 4.5-5 फीसद तक गिर गई । घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के आंकड़ों के आधार पर एसबीआइ शोध ने इस गिरावट का श्रेय पिरामिड के निचले हिस्से के लिए शुरू किए गए सरकारी कार्यक्रमों को दिया है। घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के आंकड़ों से पता चलता है कि ग्रामीण गरीबी 2011-12 में 25.7 फीसद से घटकर 7.2 फीसद हो गई और शहरी गरीबी एक दशक पहले से 4.6 फीसद कम हो गई है। एसबीआइ शोधकर्ताओं के अनुसार, नई गरीबी रेखा क्रमशः ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए 1,622 रुपए और 1,929 रुपए थी। इन आंकड़ों की गणना सुरेश तेंदुलकर समिति की सिफारिशों के आधार पर की गई थी, जिन्होंने 2011-12 में गरीबी रेखा निर्धारित की थी।

**-अमित बैजनाथ गर्ग**


Rotary DISTRICT 3054
THE MAGIC OF ROTARY
ROTARY CLUB JAIPUR NORTH
ENTRY BY PASSES ONLY
Fashion Show
NAVKAR KITCHEN AND INTERIORS
Presents
Dandiya Mahotsav 2024
13 Oct. 2024 ( SUNDAY )
3:00 PM to 11:00 PM
Venue :
Mahaveer School Ground
C-Scheme, Jaipur
Attractions
Dandiya Awards
Lucky Draws
Best Male Dandia
Best Female Dandia
Best Kids Dandia
Best Couple Dandia
Best Ramp Walk Couple
Best Fashion Kids
in all categories
Delicious food zone
D J Dandia Dhamaal
and many more prices
मुख्य अतिथि - फैशन शो
जैन सोशल ग्रुप सिद्धा
संस्थापक अध्यक्ष
धीरज कुमार सीमा पाटनी
FASHION SHOW RAMP WALK ORGANIZE BY
MISS RAJASTHAN ORGANIZATION
FUSION GROUP
CO-POWERED BY
Radio City
तेज खबर चैनल
MEDIA PARTNER
NEWS 21
NATIONAL NEWS CHANNEL
RJ Rohit-Radio City
Anchor Ankit Khandelwal
SIDDHAM ENT HOSPITAL
THE WINDOW MART
uPVC Windows and Door Manufacturer
Dr. Amit Sharma
SUPER-SPECIALITY DENTAL HOSPITAL
ZOOM Live Beautifully
Reveira keep you loving...
Minimondo future's fashion wear.
JOHARIZ
ARG Lighting And Automation
TripFactory
MITTAL ART & EXPORTS
AmbiLiv Adorn living
ARMONIA DÉCOR + GIFTS
Aashiyana Decor
Arham Collection
RCJ
Manglam Lift
सहयोगी संस्था : Rotary Club Jaipur | Rotary Club Jaipur Central | Rotary Club Jaipur Citizen | Rotary Club Jaipur City | Rotary Club Jaipur Crown | Rotary Club Jaipur Diya | Rotary Club Jaipur East | Rotary Club Jaipur Elite | Rotary Club Jaipur Emerald | Rotary Club Jaipur Golden | Rotary Club Jaipur Gurukul | Rotary Club Jaipur Heights | Rotary Club Jaipur Kings City | Rotary Club Jaipur Kohinoor | Rotary Club Jaipur Mahanagar | Rotary Club Jaipur Mahesty | Rotary Club Jaipur Management | Rotary Club Jaipur Mansarovar | Rotary Club Jaipur Marudhara | Rotary Club Jaipur Metro | Rotary Club Jaipur Midtown | Rotary Club Jaipur North | Rotary Club Jaipur Organ Donation | Rotary Club Jaipur Pearl | Rotary Club Jaipur Pink City | Rotary Club Jaipur Pride | Rotary Club Jaipur Researchers | Rotary Club Jaipur Round Town | Rotary Means Business Jaipur | Rotary Club Jaipur Global | Agra Yuva Shakti, Jaipur | Bharat Vikas Parishad, Vaishali Shakha | All Rajasthan Vaish Employees Service Organization (ARVESO) दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन राजस्थान रीजन | दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप डायमण्ड | दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप वीर | दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप नवकार | दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप स्वास्तिक | दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति | दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फॉर ऐवर | दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप पिंक पर्ल | दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर | दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप गुलाबी नगर | दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप मैत्री | राजस्थान जैन आर्गेनाईजेशन, जयपुर | भारतीय जैन मिलन, जयपुर | भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा महासभा, जयपुर | भारतीय जैन युवा परिषद, जयपुर | न्यू आतिश मार्केट एसोसिएशन, जयपुर | अंजलि एक्यूप्रेशर ट्रीटमेंट एवं योगा सेंटर | नेमीनाथ युवा मण्डल, मालवीय नगर, जयपुर | अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन सेंट्रल यूथ विंग, जयपुर | अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन सेंटल महिला विंग, जयपुर | श्री मनोकामना पार्श्व नाथ दिग. जैन समाज दादूदयाल नगर | दिगम्बर जैन महासमिति महिला अंचल राजस्थान | दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप पिंक पर्ल
COORDINATORS
Rtn. Sunita Naresh Jain
Rtn. Tarun Shilpa Jain
Rtn. Mahesh Ritu Mangal
Rtn. Vinayak Kanika Sharma
Rtn. Anil Hema Mandot
Rtn. Hardhik Hema Jain
Rtn. Ankit Ruchi Khandelwal
Rtn. Gajendra Puspa Singh Rathore
Rtn. JK Santosh Jain
Rtn. Manish Kavita Gupta
Rtn. Piyush Priya Jain
Rtn. Pramod Sonal Jain
Rtn. Pratik Ruchi Jain
Rtn. Prageet Preeti Sogani
Rtn. Rishi Monika Jain
Rtn. Rahul Rashmi Jain
Rtn. Rajendra Maya Gupta
Rtn. Tanuj Nikita Jain
Rtn. Tikam Chand Deepshika Jain
Rtn. Tapan Vidhi Sharma
Rtn. Dinesh Suman Patni
Rtn. Rajesh Vinita Choudhary
RTN. ANIL ANITA JAIN
President
RTN. DR. ARCHANA SHARMA
Club Mentor
RTN. DR. AMIT KOPAL SHARMA
Secretary
A RESOLUTION DEDICATED TO THE ENVIRONMENT

# सम्मेदशिखर यात्रा जाने वाली सैकड़ों महिलाओं ने लगायी मेहंदी



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोश्यल ग्रुप इन्टरनेशनल मेवाड़-मारवाड़.रीजन उदयपुर द्वारा सम्मेद शिखरजी तक की 13 अक्टूबर से प्रारम्भ हो रही 12 दिवसीय धार्मिक यात्रा के तहत गुरुवार को महाप्रज्ञ विहार में यात्रा जाने वाली करीब 650 महिलाओं ने भजन एवं गीत गाते हाथों में मेंहदी रचाई। रीजन चेयरमैन अनिल नाहर ने बताया कि इसके बाद महिला समिति सदस्याओं में मधु खमेसरा, पिंकी मांडावत, उर्मिला सिसोदिया, मंजू गांग की अगुवाई में शाम को भक्ति संध्या हुई। मेरे मन में पारस नाथ, मेरे तन में पारस नाथ, रोम रोम में समाया पारस नाथ रे.. जैसे कई भजनों की प्रस्तुति दी गई। इससे पूर्व महिलाओं ने मंगल मेहंदी रस्म आयोजन में मंगल गीतों के साथ एक दूसरे के हाथों पर मेहंदी रचाई।

रिपोर्ट/ फोटोः राकेश शर्मा 'राजदीप'

# जो भक्ति तल्लीनता से करता है उसके ऊपर प्रभु का आशीष सदा बरसता हैः गुरुमां विज्ञाश्री माताजी



**गुन्सी, निवाई. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी राजस्थान की पावन धरा पर अद्वितीय द्वितीय वषायोग 2024 के अंतर्गत परम पूज्य भारत गौरव गणिनी आर्यिका गुरु मां विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में दस दिवसीय आराधना महोत्सव का आयोजन भव्यता के साथ हो रहा है। प्रतिक जैन सेठी ने बताया की आज की भक्तामर दीपार्चना करने का सौभाग्य णमोकार प्रताप नगर जयपुर, सुरेश रारा आगरा एवं प्रवीण जैन टोंक रोड जयपुर सपरिवार ने प्राप्त किया। प्रतिक जैन सेठी ने बताया की अतिशयकारी श्री शांतिनाथ भगवान की शांतिधारा करने का सौभाग्य सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ ट्रस्ट के संरक्षक जितेंद्र मारोठ वाले मालवीय नगर जयपुर सपरिवार को प्राप्त हुआ। पूज्य गुरु मां की आहारचर्या कराने का सौभाग्य चौंमूबाग जैन समाज के गुरु भक्त प्रेमचंद अशोक शकुंतला जैन सपरिवार ने प्राप्त किया। कोटा से आए हुए गुरु भक्त अजय मोहन जैन ने गुरुमां का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। कपिल गोधा जयपुर सपरिवार ने भक्ति भावों के साथ भगवान की अष्टद्रव्य से पूजन की एवं निर्माणाधीन सहस्त्रकूट जिनालय का अवलोकन कर पूज्य गुरु मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूज्य माताजी ने गुरु भक्तों को संबोधन देते हुए कहां कि भगवान शांतिनाथ की आराधना आतातायी रावण ने भी की थी। जब वह भक्ति करने में तल्लीन था वीणा का तार टूट गया तब उसने अपने हाथ की नस निकाल कर वीणा में जोड़ दी एवं फिर से भक्ति करने में मग्न हो गया। भक्ति का अनोखा उदाहरण आपके सामने है। इसी भक्ति के प्रभाव से रावण के पास सोने की लंका थी। जो भक्ति तल्लीनता से करता है उसके ऊपर प्रभु का आशीष सदा बरसता है।

# शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिएः तृप्ति गुप्ता





## विद्यालय में हर सप्ताहांत शैक्षिक सत्र का कर रही हैं आयोजन

**मनोज गंगवाल. शाबाश इंडिया**

नावा सिटी। उपखंड मुख्यालय स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में नमक व्यवसायी एवं समाज सेवी योगेश गुप्ता की पुत्री तृप्ति गुप्ता शैक्षणिक सत्र का आयोजन कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नमक व्यवसायी व समाजसेवी योगेश गुप्ता की पुत्री तृप्ति गुप्ता जयश्री पेरीवाल इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर की 12वीं कक्षा की छात्रा है, वह अपने होमटाउन लौटकर अपने पुराने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नावा सिटी में हर सप्ताहांत शैक्षिक सत्रों का आयोजन कर रही हैं। तृप्ति ने जयपुर में अध्ययन करते हुए जो ज्ञान और कौशल अर्जित किए हैं, उन्हें अब अपने पुराने सहपाठियों और अन्य विद्यार्थियों के साथ साझा कर रही हैं। हाल ही में तृप्ति ने एक विज्ञान मेले का सफल आयोजन किया, जहाँ बच्चों ने विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को समझा और अपने अनुभवों को प्रस्तुत किया। इसके साथ ही, तृप्ति ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के महत्व और संवाद कौशल की भूमिका को समझाया, जो किसी भी प्रस्तुति में सफलता की कुंजी है। तृप्ति के इन प्रयासों से न केवल उनके पुराने सहपाठियों को फायदा हो रहा है, बल्कि स्कूल के अन्य विद्यार्थी भी इससे प्रेरणा ले रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक गौड ने तृप्ति के इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, "तृप्ति का यह योगदान अत्यंत सराहनीय है और हमारे छात्रों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत है। उनके अनुभवों से सभी को बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है।" तृप्ति गुप्ता का मानना है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि वास्तविक जीवन के अनुभवों और व्यावहारिक कौशलों के माध्यम से भी शिक्षा ग्रहण की जा सकती है। उनके द्वारा हर सप्ताहांत आयोजित किए जा रहे सत्रों से छात्रों में आत्मविश्वास, संवाद कौशल और प्रस्तुतिकरण के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिल रहा है।

# नवरात्रि : दुर्गे मां की महिमा



मैया बहरारे वारी तेरी महिमा सबसे न्यारी।
तेरी महिमा सबसे न्यारी तू ही करौली वारी।

नवरात्रि जब जब आती,
तेरी शिला मूर्ति बढ़ जाती।
भक्तों को दर्शन देने,
तू देहरी तक आ जाती।

मैया छोटी सी किवड़िया बंद न हो पाती तुम्हारी।
मैया बहरारे वारी तेरी महिमा सबसे न्यारी।

जितना भी जल चढ़ता है,
इक कुंड में समाता है,
ये इक बिलस्त भर का है,
जो कभी नहीं भरता है।

मैया हम तेरे पुजारी तू है कुलदेवी हमारी।
मैया बहरारे वारी तेरी महिमा सबसे न्यारी।

इस शिला रूप में माते,
तेरे नौ रूप समाते,
मनवान्छित फल तू देती,
जब करूं तेरे जगराते।

मैया छवि तेरी प्यारी तू ही राखे लाज हमारी।
मैया बहरारे वारी तेरी महिमा सबसे न्यारी।

गीतकार- अनिल भारद्वाज एडवोकेट हाईकोर्ट
ग्वालियर म.प्र.

# हरियाणा ने जातिवाद को नकारा, क्षेत्रीय पार्टियां पूरी तरह साफ

2019 की तरह हरियाणा में एग्जिट पोल फिर फेल। साल 2019 के हरियाणा चुनावों में एग्जिट पोल ने अनुमान लगाया था कि भाजपा को 61 सीटें मिलेंगी जबकि कुछ एग्जिट पोल में 75-80 सीटों जीतने का भी अनुमान लगाया गया था। हालांकि नतीजे बिल्कुल अलग आए। एग्जिट पोल्स के अनुमान में हरियाणा में कांग्रेस को भारी जीत बताई गई। हालांकि यह सारे अनुमान मंगलवार को धराशायी हो गए। हरियाणा में भाजपा बड़ी पार्टी बनकर उभरी। पूरे हरियाणा में मंगलवार को पहले 1 घंटे जलेबी बिकी और बाद में पूरा दिन पकौड़े बिके। दुकानदार के मजे ही मजे। ?हरियाणा मेंर जबकि कांग्रेस के 90 में से 60 सीटें जीतने का दावा धराशायी हो गया। हरियाणा में भाजपा 90 में से 47 से ज्यादा सीटों पर बढ़त के साथ बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। हालांकि एग्जिट पोल के सभी अनुमान मंगलवार को विधानसभा चुनाव 2024 के रिजल्ट आने के बाद धराशायी हो गए। हम सभी एग्जिट पोल्स ने, जिन्होंने मतदान के बाद हरियाणा में कांग्रेस को बहुमत मिलना बताया था। आठ में से एक भी एग्जिट पोल की भविष्यवाणी सच साबित नहीं हुई है। सभी एग्जिट पोल्स में भाजपा पार्टी को 20 से 30 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया था, जबकि कांग्रेस को पूर्ण बहुमत दिया गया था। इस साल के लोकसभा चुनाव में अधिकांश एग्जिट पोल ने भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बंपर जीत की भविष्यवाणी की थी। साथ ही अनुमान लगाया था कि भाजपा अकेले अपने दम पर बहुमत के आंकड़े से कहीं ज्यादा सीटें जीतेगी जिसमें एनडीए को 361 से 401 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया था। हालांकि, एग्जिट पोल के परिणाम गलत साबित हुए। एनडीए को 293 सीटें मिलीं और भाजपा के खाते में 240 सीटें आईं। आज से बीस दिन पहले मैंने अनुमान लगाया था कि हरियाणा में बीजेपी 47 से ज्यादा सीट्स लेगी और ये बिलकुल सच साबित हो रहा है। कारण बीजेपी ने हर वर्ग के लिए अपना शत प्रतिशत दिया। जनता को वो सब मिला जो जनता चाहती थी। कुछ कमियाँ थीं जो सैनी साहब ने आकर पूरी कर दीं। मुझे लगता है कि ये कमियाँ थोड़ा और पहले पूरी की होतीं तो बीजेपी और ज्यादा सीटों के साथ आती। खैर, विपक्ष भी जरूरी होता है लोकतंत्र में ताकि सत्ता की आंखें खुली रहें, वो धृतराष्ट्र न बन जाएं। कांग्रेस ने दो दिन खूब खुशियाँ मनाई, किसने रोका था, मना भी लेनी चाहिए लेकिन अतिआत्मविश्वास बहुत घातक होता है, जो कांग्रेस के सर चढ़कर बोला दो दिन। इनको क्या पता था कि बिस्मार्क को पटकनी देगी बीजेपी। शाह की चाल बड़ी शांत है, मगर विजेता जैसी है। कौटिल्य भी हरियाणा के परिणाम देखकर सोच रहे होंगे कि मैं क्या पढ़ना भूल गया। एग्जिट पोल ने जैसी हवा छोड़ी थी, वह बिलकुल उल्टा हुआ है। इसका मतलब मीडिया और उसकी एजेंसियाँ जनता के हित में काम क्यों नहीं कर रही या इनको केवल अपनी टीआरपी और विज्ञापनों से मतलब है। ये एक तरह से धंधा है, इनको ये सब अफवाह फैलाने का पैसा मिलता होगा। एग्जिट पोल वालों कभी तो सही पोल दिखाओ,कांग्रेस वालों को डर था कि लोकसभा वाले एग्जिट पोल की तरह ये भी झूठ ना हो और झूठा साबित हो गया। खुले आम सट्टा चल रहा है, क्या ये कानून सही है? अगर नहीं, तो एजेंसियाँ इनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करतीं? जात-पात की राजनीति अब चुनाव में जीत की गारंटी नहीं, चुनाव में राजनीतिक दलों ने जातीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए ही उम्मीदवार उतारे थे, मगर जाट और गैर जाट का फैक्टर ज्यादा काम नहीं कर पाया और मतदाताओं ने अच्छी छवि वाले दूसरी जातियों के प्रत्याशियों को भी चुनकर विधान सभा भेजा। मोदी लहर पर सवार भाजपा ने इसका पूरा लाभ उठाते हुए न केवल चुनाव में 48सीटें जीती, बल्कि विधानसभा चुनाव में भी सबसे ज्यादा सीटें हासिल करते हुए प्रदेश में सरकार बनाई है। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों का जिंदा रहना जरूरी है। ताकि सामाजिक मुद्दों पर सामाजिक न्याय सभी को मिल सके। साथ ही क्षेत्र के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में तीव्रता आ सके। राजनीति सामाजिक बदलाव के आयामों पर होनी चाहिए। जैसे नौकरी, व्यवसाय, रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर, महंगाई, संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा, इन सब पर कौन सी राजनीतिक पार्टी खरी उतरती है, ये भविष्य के गर्भ में चुनाव से सिद्ध होती है। चौधर के तो लात मार दी भाइयो हरियाणा की जनता नै.. 36 बिरादरी की सरकार बनेगी, हरियाणा ने सिद्ध कर दिया है कि अभी भी वहां की मिट्टी में कुरुक्षेत्र की भावना शेष है। हरियाणा की जनता की समझ की बदौलत भाजपा तीसरी बार आ चुकी है। हरियाणा के जनादेश ने देश को एक बड़ा संकेत दिया है, उसकी तरफ भी देश भर के लोगों को ध्यान देना चाहिए। हरियाणा में क्षेत्रीय पार्टियां पूरी तरह साफ हो गई हैं। हरियाणा ने फिलहाल क्षेत्रवाद और जातिवाद को नकार दिया है। जातिवाद को नकारने वालों को हृदय से प्रणाम।



**प्रियंका सौरभ**
**रिसर्च स्कॉलर इन पोलिटिकल साइंस,**
**कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार**

# मां दुर्गा की दीप जलाकर आरती कर प्रखरम डांडिया रास का किया शुभारंभ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** ढोल नगाड़े बाजे बजाकर बालीवुड और गुजराती धुनों पर राज्य मंत्री मंजू बाघमर राजस्थान उद्योग चैंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्री के अध्यक्ष डॉ केएल जैन, उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशिकरण एमडी कपिल गोयल, रामचरण बढ़ाया, पूजाभारती ने पूजा आरती कर शानदार डांडिया 2024 महोत्सव का मां शेरावाली, शिव पार्वती की झांकी का शुभारंभ किया सैकड़ों युवक युवतियों बच्चो सहित डांडिया भक्ति भाव से डांस किया। बेस्ट कपल, बेस्ट ड्रेस, प्रमुख लेडिस क्लब, सहयोगी, आयोजको को व समाज सेवी व पत्रकार सुरेंद्र कुमार जैन बडजात्या आदि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# राजवंश स्कूल में गरबा एवं डांडिया रास कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

बरकत नगर स्थित राजवंश पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में स्कूल के सभागार में नवदुर्गा पूजा के उपलक्ष में गरबा एवं डांडिया रास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निदेशक श्रीमती सीता चौहान एवं आकांक्षा चौहान ने दुर्गा पूजा एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के बालक बालिकाओं ने वेशभूषा एवं साज श्रृंगार कर नवदुर्गा का रूप धारण किया नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं के द्वारा गरबा रास कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। रंग-बिरंगे परिधानों में डांडिया रास का आयोजन किया गया जिसने सबका मन मोह लिया। विद्यालय के सचिव अनिमेष चौहान ने बताया कि पारंपरिक लोकगीत एवं नृत्य हमारी संस्कृति की अमूल्य धरोहर है प्रधानाचार्य नवल जैन ने सभी अध्यापकों के कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने पर प्रशंसा की तथा आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में साज सजावट श्रीमती आभा मैसी व श्रीमती डी.के.श्रीवास्तव ने की तथा कार्यक्रम का संचालन श्री जितेन्द्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।



# जलते पुतले पूछते

घर-घर में रावण हुए, चौराहे पर कंस ।
बहू-बेटियां झेलती, नित शैतानी दंश ।।

मन के रावण दुष्ट का, होगा कब संहार ।
जलते पुतले पूछते, बात यही हर बार ।।

पहले रावण एक था, अब हर घर, हर धाम।
राम नाम के नाम पर, पलते आशाराम।।

बैठा रावण हृदय जो, होता है क्या भान।
मान किसी का कब रखे, सौरभ ये अभिमान।।

रावण वध हर साल ही, होते है अविराम।
पर रावण मन में रहा, सौरभ क्या परिणाम।।

हारे रावण अहम तब, मन हो जब श्री राम।
धीर वीर गम्भीर को, करे दुनिया प्रणाम।।

झूठ-कपट की भावना, द्वेष छल अहंकार।
सौरभ रावण शीश है, इनका हो संहार।।

अंतर्मन से युद्ध कर, दे रावण को मार।
तभी दशहरे का मने, सौरभ सच त्यौहार।।

राम राज के नाम पर, रावण हैं चहुं ओर।
धर्म-जाति दानव खड़ा, मुंह बाए पुरजोर।।

-डॉ सत्यवान सौरभ

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# रतन टाटा को विनम्र श्रद्धांजलि



जीवन का कारवां पूर्ण हुआ,
जीवन की शाम भी ढल चुकी,
सुख दुख जीवन में कुछ शेष नही,
खुशी खुशी मुझे विदा करो।
चिलचिलाती धूप भी अब,
ठंडी छांव में तब्दील हो चुकी,
छांव में सोने की लालसा नहीं है,
कई पूनम की राते देख चुका हूं,
कल सुबह भी होगी,
नई आशाएं की किरणें होगी,
जीवन का हर लम्हा जी लिया हूं,
खुशी खुशी हंसकर मुझे विदा करो,
जीवन का सफर पूर्ण हो चला,
अब सांसे भी बोझिल हो चुकी है,
ये दुनिया मुझे एक लोरी सुना जा,
मेरी शौहरत को एक राह दिखा जा,
यह धरा भी और मंदिर भी मेरा,
वतन भी मेरा जिसकी बंदगी में करता
जितना हो सका अच्छा किया,
जिंदगी को आहूत भी कर दिया,
अरमां भी फूलों से अब सज गए हैं,
अब खुशी से फूलों से मुझे सजा दो,
सुख दुख जीवन में शेष नहीं,
खुशी खुशी मुझे विदा करो।
काश पुनर्जन्म हो फिर लोटूंगा।

लेखक: गोविन्द सुचिक अदनासा खिरकिया
जिला -हरदा नर्मदापुरम संभाग

# उल्लेखनीय कार्यों के लिए अरविन्द अग्रवाल समाज रत्न से सम्मानित

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** उल्लेखनीय कार्यों के लिए नागरमल पिस्ता देवी मणकसिया चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव अरविन्द अग्रवाल को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर अग्रवाल समाज रत्न से सम्मानित किया। अग्रवाल को यह सम्मान श्री अग्रवाल समाज समिति की ओर से बिड़ला सभागार में हुए समारोह में जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा,विधायक कालीचरण सराफ व श्री अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश भाड़ेवाला व जेईसीआरसी के चैयरमेन ओपी अग्रवाल सहित अन्य अतिथियों ने प्रदान किया। सम्मान लेने के बाद अरविन्द अग्रवाल ने बताया कि दीन दुखियों की सेवा, पौधरोपण सहित कई समाजोपयोगी कार्य ट्रस्ट के माध्यम से समय-समय पर करता रहता है। गौरतलब है कि अग्रवाल वर्तमान में सुरेश ग्रुप के चैयरमेन,जयपुर होलसेल गारमेंट एसोसिएशन व महाराजा अग्रसेन मेडिकल एंड एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष, श्री अग्रवाल शिक्षा समिति के सिविल सर्विस एकेडमी के सचिव,राजस्थान मैन्यूफैक्सर्च एंड ट्रेडर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सहित अन्य संस्थाओं से जुड़कर कार्य कर रहे है।



# डॉ. भूषण मोंगा ने प्राचार्य के रूप में किया पदभार ग्रहण



**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। डबवाली रोड स्थितशहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सी.आर. डी.ए.वी. गर्ल्स कॉलेज, ऐलनाबाद में डॉ. भूषण मोंगा ने प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर कॉलेज की सभी छात्राओं के साथ एक परिचय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. भूषण मोंगा ने अपने विचार और शैक्षिक दृष्टिकोण साझा किए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. भूषण मोंगा जी ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासन और मेहनत के बल पर ही सफलताएं प्राप्त की जा सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वे कॉलेज के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और छात्रों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देंगे। कॉलेज के स्टाफ ने भी डॉ. भूषण मोंगा का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके नेतृत्व में कॉलेज के उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन ईश कुमार मेहता, जगदीश चंद मेहता, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. करुण मेहता व कमल मेहता भी उपस्थित रहे और डॉ. भूषण मोंगा को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी।इस अवसर पर डॉ. भूषण मोंगा की धर्मपत्नी श्रीमती डॉ. गीता मोंगा (प्राचार्य, शाह सतनाम जी गर्ल्स कॉलेज) सिरसा व कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का समापन छात्राओं के साथ संवाद और सुझावों के आदान-प्रदान के साथ हुआ, जिससे छात्राओं ने डॉ. भूषण मोंगा की प्रेरणादायक उपस्थिति का अनुभव किया।

# गीत चांदनी 2024 एवं डॉ ताराप्रकाश जोशी स्मृति सम्मान समारोह 16 अक्टूबर को




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रोग्रेसिव राइटर क्लब एसोसिएशन की ओर से शरद पूर्णिमा 16 अक्टूबर बुधवार को होटल रीगल डीसीएम अजमेर रोड पर 51 वी गीत चांदनी एवं डॉ ताराप्रकाश जोशी स्मृति सम्मान समारोह 2024 आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक शायर और साहित्यकार लोकेश कुमार सिंह साहिल ने बताया कि गीत चांदनी 2024 कार्यक्रम में गाजियाबाद से बृजेश भट्ट, लखीमपुर खीरी से ज्ञान प्रकाश आकुल, चूरू से बनवारी लाल खामोश, गढ़मुक्तेश्वर से निकुंज शर्मा, औरैया से इति शिवहरे, नागौर से धनराज दाधीच, दौसा से सपना सोनी और चित्तौड़गढ़ से रमेश शर्मा विशुद्ध साहित्यिक गीत और कविता पाठ करेंगे। उन्होंने बताया कि लखीमपुर खीरी के ज्ञान प्रकाश आकुल को डॉ ताराप्रकाश जोशी स्मृति सम्मान प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी सादर आमंत्रित हैं।

# आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज, आचार्य सुनील सागर जी महाराज और गुरुदेव पुलक सागर महाराज जी को पट्टाचार्य महामहोत्सव की आमंत्रण पत्रिका भेंट की



**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। श्रमण संस्कृति के समाधिस्थ गणाचार्य 108 श्री विरागसागर जी गुरुदेव के अंतिम उपदेशानुसार, आचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी को पट्टाचार्य पद तीर्थ स्वरूप सुमति धाम,इंदौर में प्रदान किया जायेगा` धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि नांदणी (महाराष्ट्र) में ,शुक्रवार दिनांक 27 सितम्बर 2024 को इंदौर नगर के महादानी सुमति धाम के न्यासी सपना मनीष गोधा ।गुरु भक्त परिवार द्वारा, श्रमण मुनि सुव्रत सागर जी के निर्देशन में एक भव्य मीटिंग आयोजित की गई थी।इस मीटिंग में देश के विविध राज्यों के अनेक गुरु - भक्तों ने सहभागिता की। मीटिंग के अन्तर्गत प्रमुख संयोजक सपना मनीष गोधा ने जानकारी देते हुए बताया की यह भव्य आयोजन 27 अप्रैल 2025 से 2 मई 2025 तक तीर्थ स्वरूप ''सुमति धाम, जिनालय इन्दौर (म.प्र.)'' में सम्पन्न होगा। रविवार 27 अप्रेल,2025 को सम्पूर्ण संघों का एक साथ सुमति धाम में मंगल प्रवेश होगा। इस आयोजन में लगभग 500 संत-साध्वियाँ तथा 300 त्यागी - वृति सम्मिलित होंगे। शुभ दिवस 30 अप्रैल 2025 अक्षय तृतीया के शुभ दिन महापट्टाचार्य-पदारोहण के संस्कार होंगे। प्रातः काल मैं श्रमण संस्कृति के समाधिस्त गणाचार्य श्री विरागसागर महाराज जी की जन्म जयंती 2 मई 2025 को बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। यह आयोजन एक विशाल रूप में लगभग 65 एकड़ भूमि में सम्पन्न होगा। इंदौर नगर में होने वाले शताब्दी देशना चर्या शिरोमणी आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी पट्टाचार्य महामहोत्सव के लिए, राजस्थान के पारसोला में विराजमान प.पू आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ससघं को पट्टाचार्य महामहोत्सव इंदौर आगमन हेतु श्रीफल भेंट कर आमंत्रण पत्रिका भेंट की गई। चर्या शिरोमणी आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी संघ के बालब्रह्मचारी पियुष भैया जी के नेतृत्व में महामहोत्सव कमेटी के गुरु भक्त परिवार के सपना मनीष गोधा, हंसमुख गांधी, मनीष मोना एवं परिजनों ने गुरु चरणों में निवेदन किया कि महामहोत्सव में आप के पुरे संसघ का मंगलमय सानिध्य प्राप्त हो। वितरागी श्रमण संस्कृती के अध्यात्मिक सद्गुरू चर्या शिरोमणी आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी पट्टाचार्य महामहोत्सव के लिए किशनगढ़ में आचार्य सुनील सागर महाराज जी ससघं को पट्टाचार्य महामहोत्सव के लिए इंदौर आगमन हेतु श्रीफल भेंट कर आमंत्रण पत्रिका भेंट की गई। दिगंबराचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी पट्टाचार्य महामहोत्सव के लिए केसारिया जी में गुरुदेव पुलक सागर महाराज जी ससघं को पट्टाचार्य महामहोत्सव के लिए इंदौर आगमन हेतु श्रीफल भेंट कर आमंत्रण पत्रिका भेंट की गई । गुरु भक्त परिवार के सपना मनीष गोधा एवं परिजनों ने महामहोत्सव में आप के पुरे संसघ का मंगलमय सानिध्य प्राप्त हो ऐसा गुरु चरणों में श्री फल भेंट कर निवेदन किया।

शब्दांकनः
अभिषेक अशोक पाटील

# अंतिम दिन माता वैष्णो देवी के दरबार के दर्शनों के लिए उमड़े श्रद्धालु, तीन दिन में किए 5 लाख से अधिक लोगों ने दरबार के दर्शन





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजापार्क स्थित सूरज मैदान परिसर में सनातन हिंदू महापंचायत एवं निर्मल सत्य चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले सजाए गए माता के दरबार के दर्शनों के लिए आज हजारों भक्त उमड़ पड़े। इस दौरान भक्तों ने माता के जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजको के अनुसार तीन दिन में 5 लाख के आसपास भक्तों ने दरबार के दर्शन किए।इस मौके पर दर्शन करने आए भक्तों को कहना था कि दरबार के दर्शन कर ऐसा महसूस हो रहा था कि जैसे मानो जम्मू की कटरा के वैष्णो माता के दर्शन कर रहे हो। इस दौरान 50फीट उंची व 50 फीट लंबी गुफा भक्तो के बीच आकर्षण का केन्द्र रही। देर रात राजापार्क के आसपास का क्षेत्र माता के जयकारों से गुंजायमान होता रहा। कार्यक्रम के संयोजक चन्द्रप्रकाश राणा ने बताया कि साम को जैसे ही 5 बजे भक्तों के लिए माता का दरबार खोला गया वैसे ही भक्तों का समूह उंचे पर्वत पर माता रानी ने दरबार सजाया है....मां ही मां को पहचाने....प्रेम से बोलो,जय माता दी....चलो बुलावा आया है.....जैसे माता के जयकारे लगाते व भजनों को गुनगुनाते मा के दरबार में चहुंच रहे थे। रात्रि के 8बजे दरबार स्थल का नजारा यह था कि जिधर देखो उधर भक्तों की भीड़ ही नजर आ रही थी। इस दौरान भक्तों ने सम्पूर्ण आयोजन स्थल बनाए त्रिकूटा पर्वत कटरा के दर्शन किए। इसके बाद दरबार में भक्त बाणगंगा, चरणपादुका, अर्द्धकुंवारी गुफा, हाथी मत्था,सांझी छत एवं बर्फीले पहाड़ों पर माँ वैष्णो देवी एवं भैरव मन्दिर के साक्षात दर्शन कर निहाल हो उठे। अध्यक्ष राजेंद्र खंडेलवाल व सह संयोजक सुशील धोकरिया ने बताया कि इस दौरान सभी माता रानी के भक्तों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं सभी भक्तों को माता की चुनरी भी पहनाई गई। आयोजन स्थल पर दिव्यांगों एवं बुजुर्गों के लिए दर्शनों की अलग से व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के दौरान महाआरतीए नौ कन्याओं की सजीव झाँकी एवं कन्या पूजन किया गया। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक स्वचलित झाँकियां भी सजाई गई जो सभी के बीच आकर्षण केन्द्र रही।




# कैपिटल संगिनी फोरम की दो दिवसीय धार्मिक यात्रा सम्पन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

कैपिटल संगिनी फोरम की दो दिवसीय कोटा बिजोलिया जहाजपुर की धार्मिक यात्रा सम्पन्न हुई। सचिव अलका जैन ने बताया कि हर वर्ष संगिनी कैपिटल के सदस्य धार्मिक यात्रा पर जाती है। इस वर्ष की यात्रा में सदस्याएं महावीर नगर जैन मंदिर, जयपुर से बस द्वारा रवाना होकर देवली जैन मंदिर के दर्शन करते हुए कोटा पहुंची व वहां पर आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, महावीर नगर प्रथम व द्वितीय के जैन मंदिर, दादाबाडी मंदिर आदि के दर्शन लाभ लिए। संस्थापक अध्यक्षा विनीता जैन व अध्यक्षा शकुन्तला पांड्या ने कहा कि दोपहर में सदस्याओं ने आक्सीजन पार्क के मनोरम दृश्यों को निहारा व शाम को कोटा रिवर फ्रंट भ्रमण किया जो कि बहुत ही कलात्मक रूप से बना हुआ है। वहां का लेजर शो भी देखा। रात्रि-विश्राम संत भवन में करके अगले दिन प्रातः सभी आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में दर्शन, पूजन-पाठ करके रवाना हुए व बिजौलिया पार्श्वनाथ के दर्शन कर मेनाल पहुंच कर वहां के सुंदर प्राकृतिक झरनों को देखा तत्पश्चात स्वस्तिधाम जहाजपुर मंदिर के दर्शन करते हुए वापस सानंद जयपुर पहुंचे। अलका जैन ने बताया कि पूरी यात्रा के दौरान बस में सभी सदस्याओं ने समता गोदिका की मधुर आवाज में भजन, अंताक्षरी व श्रीमती हीरल एवं सीमा जैन व मीना चौधरी द्वारा आयोजित गेम्स खेले व ईनाम भी जीते।






# लेकसिटी में नारायण सेवा संस्थान का कन्या पूजन 11 को




**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

पिछले 40 वर्ष से मानवता और दिव्यांगों के उत्थान में निस्वार्थ भाव से सेवारत नारायण सेवा संस्थान द्वारा दुर्गाष्टमी पर भव्य कन्या पूजन समारोह शुक्रवार को होगा। नारायण सेवा संस्थान के ट्रस्टी एवं निदेशक देवेंद्र चौबीसा ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में बताया कि संस्थान 11 वर्षों से शारदीय नवरात्रों में दिव्यांग कन्याओं को सशक्त और सकलांग जिन्दगी देने के लिए प्रयत्नशील है। इसी श्रृंखला में इन नवरात्रि में कन्याओं का निःशुल्क ऑपरेशन करने का संस्थान ने संकल्प लिया। इन आठ दिनों में शल्य चिकित्सा से लाभान्वित हुई बच्चियों का शुक्रवार 11 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे माता स्वरूप कन्याओं का भव्य पूजन सेवामहातीर्थ बड़ी में किया जाएगा। उपचारित दिव्यांग बेटियों में से 9 कन्याओं की माता के नौ स्वरूपों में विशेष पूजा-अर्चना होगी। ऑपरेशन हुई अन्य सभी कन्याओं को श्रृंगार सामग्री का उपहार भेंट कर उनकी पूजा की जाएगी। वार्ता के दौरान कन्या पूजन का पोस्टर ट्रस्टी एवं निदेशक देवेन्द्र चौबीसा, जनसम्पर्क प्रमुख भगवान प्रसाद गौड़ एवं मीडिया प्रभारी विष्णु शर्मा हितैषी ने जारी किया। शास्त्रोक्त विधि से आचार्य कराएंगे पूजन व महाआरती झ संस्थान के मुख्य आचार्य के सानिध्य में भव्य सभागार में समस्त कन्याओं को विराजित किया जाएगा तथा माता के 9 स्वरूपों का उनके नामों के अनुरूप विधिवत पूजन होगा। इसके बाद सम्मानित अतिथियों और संस्थान परिवार द्वारा उच्च स्वर में आरती की जायेगी। संस्थापक पदमश्री अलंकृत कैलाश मानव भी मौजूद रहेंगे। ततपश्चात हलवा, पूड़ी, खीर, काले चने का सुरूचिकर नवैद्य, भोग प्रसाद अपने हाथों से करवाकर आशीर्वाद लिया जाएगा। कन्या पूजन समारोह की समस्त व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है। निदेशक वंदना अग्रवाल के नेतृत्व में भक्ति -शक्ति सेवा और आध्यात्मिक ऊर्जा का आयोजन सम्पन्न होगा।

# चौथी नेशनल दिव्यांग क्रिकेट चैंपियनशिप 15 से 25 तक

## कैबिनेट मंत्री गहलोत करेंगे उद्घाटन

**उदयपुर।** देशभर की दिव्यांग प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से नारायण सेवा संस्थान एवं डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट कौंसिल के तत्वावधान में चौथी नेशनल फिजिकल डिसेबिलिटी टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन उदयपुर में होगा। प्रतियोगिता में 24 राज्यों के 400 दिव्यांग क्रिकेटर और 100 से अधिक खेल अधिकारी हिस्सा लेंगे। उदयपुर शहर के 5 ग्राउंड में 67 मैच खेले जाएंगे। सभी मैच 20-20 ओवर के होंगे। प्रतियोगिता 15 से 25 अक्टूबर तक चलेगी इस प्रतियोगिता का उद्घाटन राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत 15 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे करेंगे। यह जानकारी नारायण सेवा संस्थान के ट्रस्टी एवं निदेशक देवेंद्र चौबीसा ने दी। नारायण सेवा के 100 से अधिक साधक देंगे सेवा : संस्थान के 100 से अधिक साधक व्यवस्थ में लगेंगे। जो दिव्यांग खिलाड़ियों को सहयोग करेंगे। विभिन्न राज्यों से आए इन खिलाड़ियों के लिए डिसएबल्ड अनुकूलित समस्त व्यवस्था बनाई गई है।

रिपोर्ट/फोटोः राकेश शर्मा 'राजदीप'

# लायंस क्लब कोटा सेंट्रल द्वारा डाक टिकिट प्रदर्शनी आयोजित




**आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया**

**कोटा।** विश्व डाक दिवस के अवसर पर लायंस क्लब कोटा सेंट्रल के सदस्यों द्वारा संग्रहित डाक टिकटों की प्रदर्शनी लगाई गई। क्लब अध्यक्ष मधु ललित बाहेती ने बताया कि क्लब सदस्य ललित बाहेती एवं मनीष बाहेती द्वारा किया गया पुराने डाक टिकटों का संग्रह और उनके प्रथम दिवस के अनावरण का कलेक्शन क्लब सदस्यों के लिये प्रदर्शित किया। राजकुमार गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, चंदा बरवाडिया, ममता विजय, सुमन शर्मा, रामकृष्ण बागला, अशोक लखोटिया एवं शील बिड़ला इत्यादि सभी सदस्यों ने पुराने डाक टिकिट के संग्रहण को देखकर पुरानी यादें ताजा कीं और संग्रहकर्ता की मेहनत की सराहना की ।

# नाटक - "पूस की रात" का मंचन आज रविंद्र मंच पर

जयपुर। नाटक - "पूस की शाम रात" का मंचन कलाकार विकास सैनी के निर्देशन में शुक्रवार कों दिनांक 11/10/2024 कों शाम 6:30 बजे रविंद्र मंच के मिनी सभागार में किया जा रहा है जिसके लेखक है मुंशी प्रेमचंद जी जिसका नाट्य रूपान्तरण ओम प्रकाश सैनी द्वारा किया गया हैं। नाटक का पोस्टर विमोचन रविंद्र मंच की मंच प्रबंधक सुश्री प्रियंका राठौर द्वारा नाटक के कलाकारों के साथ रविंद्र मंच पर किया गया। एवं मंच प्रबंधक द्वारा सभी कलाकारों कों शुभकामनायें दी गई। विकास सैनी ने बताया की नाटक पूस की रात एक गरीब किसान की व्यथा जो पूस की सर्द रातों में चाहकर भी कंबल खरीद नहीं पाता हैं और इससे पूर्व नाटक के दो मंचन आमेर के ग्रामीण परिवेश में गाँवो वालों के सामने आमेर में नाटकवाला कला मंच पर किये गये हैं। आगे भी इसके मंचन विभिन्न सार्वजनिक मंचो पर किये जायेंगे जिससे आमजन कों ये अहसास हो की अनदाता आज भी पाई पाई का मोहताज है उनकी प्रस्थिति आज भी नहीं बदली। पूस की रात किसानों की मनोदसा कों आत्मसात करता हुआ नाटक है। नाटक के मुख्य कलाकारों में है। मंच पर - ओम प्रकाश सैनी, अंजली शर्मा, विपिन शर्मा, बिजेंद्र सिंह अवाना, विवेक शर्मा, मंच सज्जा – विकास सैनीकला निर्देशक - विपिन शर्मा वस्त्र विन्यास – सुनीता सैनी रूप सज्जा – हिमांशी सैनी,मंच सामग्री – दीपशिखा सैनी,खुशांक सैनी, युग सैनी, अवनी सैनी। पोस्टर/ब्रोशर – ओम प्रकाश सैनी, ध्वनि एवं संगीत प्रवाह – प्रवीण कुमावत प्रकाश व्यवस्था – राजीव मिश्रामंच व्यवस्था – विवेक शर्मामंच प्रबंधन – विवेक माथुर परिकल्पना एवं निर्देशन – विकास सैनी, सहायक निर्देशक-अंजली सैनी, विशेष आभार सुश्री प्रियंका राठौर (R.A.S.) प्रबंधक रविन्द्र मंच, जयपुर एवं रवि जैन (I.A.S.) प्रमुख शासन सचिव, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग राजस्थान सरकार, अभिनेता एवं निर्देशक - विकास सैनी।



Rotary DISTRICT 3056

THE MAGIC OF ROTARY

# ROTARY CLUB JAIPUR CITIZEN

*in association with*

# PRAGYA INSTITUTE OF PERSONALITY DEVELOPMENT

# ROTARY CITIZEN BLOOD DONATION CAMP

अनूठे अंदाज में
**करवा चौथ**
मनाईये ....
**रक्तदान** कर
किसी की जान
**बचाईये ....**

**Date** : Sunday | 20th October, 2024

**Time** : 10:00 AM to 4:00 PM

**Venue** : PRAGYA INSTITUTE OF PERSONALITY DEVELOPMENT
Street No. 6, Barkat Nagar,
Tonk Phatak, Jaipur

**Contact** : 7073188666, 9799996500

| Rtn. Dinesh Jain Baj | Rtn. Sudhir Godha | Rtn. Narendra Mittal | Rtn. Neeraj Kala |
|---|---|---|---|
| President | Charter President | Secretary | Treasurer |

# झड़वासा में खण्ड स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता सम्पन्न

## खेलों से होता है हमारा शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास : भंवर सिंह गौड

रोहित जैन. शाबाश इंडिया

नसीराबाद। झड़वासा कस्बे में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में पिछले तीन दिन से चल रहे खण्ड स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता गुरुवार को हुई सम्पन्न। प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य कौशल्या यादव ने बताया की ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री नगर के निदेर्शानुसार गुरुवार झड़वासा के विद्यालय खेल मैदान में पिछले तीन दिनों से चल रही 11 वर्षीय खण्ड स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता गुरुवार को सम्पन्न हुई जिसमें झड़वासा, लोहरवाड़ा, बुबानियाँ, बाघसुरी, महात्मा गाँधी विद्यालय बाघसुरी, मोतीपुरा, नाहरपुरा (बाघसुरी) व निजामपुरा विद्यालय की टीमों के कुल 96 छात्र



व छात्रा खिलाड़ियों ने भाग लिया। उक्त खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के छात्र कबड्डी प्रतियोगिता में ग्राम नाहरपुरा की विजेता रही और झड़वासा टीम उपविजेता छात्रा कबड्डी प्रतियोगिता में ग्राम बुबानियाँ की टीम विजेता रही इसी तरह एथेलेटिक्स में 50 मीटर दौड़ में छात्र सुनील नाहरपुरा व छात्रा मन्नत बाघसुरी, 100 मीटर दौड़ में छात्र ब्रह्मदेव नाहरपुरा छात्रा कोमल नायक झड़वासा, 4 बाई 100 मीटर रिले रेस में छात्र विष्णु गुर्जर नाहरपुरा व छात्रा खुशी गुर्जर लोहरवाड़ा, और लम्बी कूद में छात्र हनुमान गुर्जर निजामपुरा व छात्रा खुशी विजेता रहे। प्रतियोगिता सम्पन्न कराने वाले शारीरिक शिक्षक आरती शेर, त्रिलोक रोल्या बनेवडा, ललिता मोतीपुरा, अशोक कुमार जाट नाहरपुरा, हेमलता सरगरा मडियानी और शीला चौधरी बुबानियाँ को व विजेता उपविजेता छात्र व छात्रा खिलाड़ियों व झड़वासा की छात्रा हॉकी खिलाड़ियों द्वारा राज्य स्तर पर कोटा में खेलकर आई खिलाड़ियों का भी सरपंच भंवर सिंह गौड व भामाशाह रतन लाल मोटिस तथा एसएमसी सदस्यों मांगीलाल जाट व तेजमल चौधरी द्वारा माला, मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मान किया। तत्पश्चात ससम्मान प्रतियोगिता ध्वज उतारकर राष्ट्रगान के साथ तीन दिन तक चलने वाली उक्त खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का विधिवत रूप से सरपंच भंवर सिंह गौड द्वारा समापन की घोषणा की गई। इस मौके बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत स्वागत व एकल नृत्य भी किया गया। कार्यक्रम संचालन व्याख्याता हेमराज मेघवंशी व पूजा सिंहल द्वारा किया गया।

# नसीराबाद में इस बार 61 फीट के दशानन का होगा दहन

रोहित जैन. शाबाश इंडिया



नसीराबाद। नसीराबाद के रावण मैदान में इस बार 61 फीट के रावन का होगा दहन। दशहरा मेला कमेटी द्वारा वर्षों से यह व्यवस्था जन सहयोग से की जा रही है। रावण दहन के पूर्व भव्य आतिशबाजी की जायेगी। मेला कमेटी सयोजंक योगेश शर्मा व सहसंयोजक विविध गोयल ने बताया कि मेले के मुख्य अतिथि विधायक रामस्वरूप लाम्बा, आई जी ओमप्रकाश शर्मा, डिप्टी विजय कुमार सांखला, सीईओ नितीश कुमार गुप्ता, पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह गुर्जर व पूर्व विधायक रामनारायण गुर्जर होंगे। मेले की सांय को राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान व रावण की झांकी के साथ शोभायात्रा बैण्ड बाजो के साथ निकलेगी जो नसीराबाद के सदर बाजार से होकर रावण मैदान पहुंचेगी। जहां राम रावण युद्ध के साथ राम द्वारा रावण के पुतले पर तीरों की वर्षा कर अग्नि तीर से वार कर रावण दहन किया जायेगा। रावण का पुतला अजमेर में बंगाली कारीगरों द्वारा बनाया जा रहा है। जो शुक्रवार शाम को मेला स्थल पर पहुंच जायेगा। इस कार्य में मेला कमेटी के मुकेश बंसल, राहुल गुर्जर, प्रेम गर्ग, आशिफ, राजेन्द्र गर्ग आदि का विशेष सहयोग रहा है।

# माता-पिता का सम्मान करने वालो को ईश्वर भी अपना आशीर्वाद देते है : स्नेहलता शर्मा

## चरण वंदन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दिलाई शपथ

रोहित जैन. शाबाश इंडिया

अजमेर। लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा आज माता पिता दादा दादी चरण वंदन कार्यक्रम हाथीभाटा स्थित संस्कार सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया जिसमे विद्यालय में आने वाले विद्यार्थियों ने अपने माता पिता एवम अभिभावकों के चरण छू कर वंदन करके आशीर्वाद



लिया। क्लब की वरिष्ठ सदस्य लायन स्नेहलता शर्मा ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि अपनी उम्र से बड़ो का हमेशा सम्मान करना चाहिए साथ ही माता पिता अथवा दादा दादी जिन्होंने उंगली पकड़कर चलना सिखाया है एवम पाल पोषकर बड़ा कर रहे हैं अच्छे संस्कार दे रहे हैं उनका सम्मान करना चाहिए जिससे वे बड़े होकर राष्ट्र निर्माण में सहयोगी बन पाएंगे एवं अपने पैरों पर खड़े होकर अपना भविष्य तय कर पाएंगे ऐसा करने वाले बच्चो पर भगवान भी अपना आशीर्वाद बनाए रखते हैं। क्लब अध्यक्ष लायन रूपेश राठी ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक लायन राकेश गुप्ता के संयोजन में विद्यालय में आए अभिभावकों के बच्चो ने चरण छूकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई कि वे माता पिता सहित सभी बड़ो का आदर करेंगे एवम उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर अच्छा इंसान बनेंगे। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाए,विधार्थी एवम बच्चो के अभिभावक मोजूद रहे।

# जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में नव निर्मित वार्ड हेतु विशेष बेड शीट्स भेंट की




रोहित जैन. शाबाश इंडिया

अजमेर। किशनगढ़ हाल कोलकाता निवासी कैलाश कालानी ने अजमेर के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग के लिए ऑर्गेनिक कॉटन से निर्मित 180 वार्ड के नाम लिखित विशेष बेड शीट्स भेंट की। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व कैलाश का एक्सीडेंट हुआ एवं जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में उनका उपचार हुआ था। उन्होंने चिकित्सालय में और भी सहयोग करने की मंशा व्यक्त की है। अस्पताल प्रशासन ने कालानी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ श्याम भूतड़ा, अधीक्षक डॉ अरविंद खरे, डॉ मधु माहेश्वरी, डॉ हेमेश्वर, डॉ एमपी शर्मा, डॉ कल्पना अग्रवाल, डॉ अमित यादव तथा कमल कालानी, रसिक कालानी, पवन झंवर, शर्मिला एवं रेनू भूतड़ा आदि उपस्थित थे।

# जीवन में परिवर्तन सही दिशा में करना चाहिए: मुनि प्रणम्य सागर

## जयपुर में पहली बार 5616 जिनबिम्बों की आराधना एक स्थान पर-13 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक नन्दीश्वर महामण्ड़ल विधान का होगा आयोजन





### मुनि संघ का गुरुवार को सूर्य नगर के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में हुआ भव्य मंगल प्रवेश

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ का गुरुवार 10 अक्टूबर को प्रातः 7.00 बजे तारों की कूट पर सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इससे पूर्व सिद्धार्थ नगर के श्री दिगम्बर जैन मंदिर महावीर स्वामी खण्डाका- से मंगल विहार कर तारों की कूट पेट्रोल पंप पर पहुचे जहाँ से बैण्ड बाजों के साथ शोभायात्रा के रुप में सूर्य नगर के दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस मौके पर विनोद जैन कोटखावदा, पारस कासलीवाल, अमित काला, सुधीर लोंग्या एवं सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मुनि श्री के पाद पक्षालन एवं मंगल आरती कर भव्य अगवानी की। मंदिर दर्शन के बाद मुनि श्री के सानिध्य में धर्म सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिला मण्डल की सदस्याओं द्वारा "गुरु भक्ति में मन को लगा के, आये गुरुवर मेरे द्वार, मेरा रोम रोम हर्षाया है....." मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। काला परिवार एवं दिल्ली, चैन्नई, कोटा, गुवाहाटी के श्रद्धालुओं द्वारा पाद पक्षालन किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष नवीन जैन, मंत्री धनेश सेठी एवं समिति सदस्यों द्वारा मुनि श्री को शास्त्र भेट किया। इससे पूर्व गायक एवं संगीतकार नरेन्द्र जैन के निर्देशन में आचार्य विद्यासागर महामुनिराज एवं मुनि प्रणम्य सागर महाराज की अष्ट द्रव्य से पूजा की गई। इस मौके पर आयोजित धर्म सभा में मुनि श्री ने प्रवचन देते हुए कहा कि जो व्यक्ति परिवर्तन को सही दिशा और दशा में स्वीकार करता है, वह कभी भी दुःखी नहीं हो सकता। जीवन में परिवर्तन सही दिशा की ओर करना चाहिए और इस सही परिवर्तन को मानव को स्वीकार करना चाहिए। मनुष्य को समीचीन दिशा की ओर बढ़ना चाहिए। त्रिकाल और त्रिलोक में सम्यक्तव से बढकर कुछ भी नहीं है। सम्यक्तव से मिथ्यात्व की ओर परिवर्तन स्वीकार नहीं करना चाहिए। मुनि श्री ने कहा कि सच्चा जैन वहीं है जो पहले भजन करे फिर भोजन करे। इस मौके पर श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन समिति मीरा मार्ग के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया, तेज करण चौधरी, मनोज जैन, जम्बू सोगानी, अरुण श्रीमाल आदि एवं चित्रकूट कालोनी सांगानेर की प्रबंध कारिणी कमेटी के अध्यक्ष केवल चन्द गंगवाल, मंत्री अनिल पाटनी, ओम कटारिया आदि ने श्रीफल भेट कर कालोनी में पधारने हेतु निवेदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंच संचालन मनोज जैन एवं विनोद जैन कोटखावदा ने किया। तत्पश्चात मुनि संघ की आहारचर्या हुई। सामायिक के बाद दोपहर 3 बजे धर्म की कक्षा एवं स्वाध्याय किया गया। सायंकाल 5 बजे मुनिसंघ सूर्य नगर से मंगल विहार कर ऋषभ मार्ग पर कोटखावदा हाऊस पहुचा जहा पर मैना देवी कासलीवाल, मुन्ना जैन, विनोद जैन कोटखावदा, दीपिका जैन कोटखावदा के नेतृत्व में मुनि प्रणम्य सागर महाराज के पाद पक्षालन एवं मंगल आरती कर अगवानी की गई। तत्पश्चात मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ बी टू बाई पास होते हुए मानसरोवर के मीरामार्ग स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे। जहां श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन समिति मीरा मार्ग के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया के नेतृत्व में मुनि संघ की भव्य अगवानी की गई। अध्यक्ष सुशील पहाड़िया एवं मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि शुक्रवार, 11 अक्टूबर को मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में पारस पुराण का वाचन मीरामार्ग के श्री आदिनाथ भवन में ही प्रातः 8:15 बजे से होगा। जयपुर में पहली बार होगी 5616 जिनबिम्बों की एक साथ आराधना -नन्दीश्वर महामण्ड़ल विधान 13 अक्टूबर से प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक मुनिश्री के सानिध्य में जयपुर में पहली बार 13 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक मानसरोवर के सैक्टर 9 स्थित सामुदायिक केंद्र पर महामय नंदीश्वर पूजा विधान का विशाल आयोजन होगा, जिसमें पहलीबार जयपुर में 5616 जिनबिम्बों की एक साथ एक स्थान पर आराधना की जाएगी। आयोजन में जयपुर सहित पूरे देश से सैकड़ो से श्रद्धालु शामिल होंगे।



## रोटरी क्लब का जोधपुर गरिमा द्वारा नारी एक कला अनेक का पोस्टर विमोचन, जोधपुर जिला कलेक्टर ने पोस्टर का किया विमोचन

**आयुष पाटनी. शाबाश इंडिया**

जोधपुर। रोटरी क्लब का जोधपुर गरिमा अपने कार्यकाल के अंतर्गत महिलाओं को सक्षम बनाने का निर्णय लिया है। इस प्रोजेक्ट का थीम है नारी एक कला अनेक। आज क्लब की अध्यक्ष मिली तातेड़ एवं सचिव कीर्ति मोहनोत और उपाध्यक्ष कावेरी बजाज ने जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल संग इसका पोस्टर विमोचन किया। इसमें क्लब के मेंबर्स महिलाओं भिन्न कलाओ मैं हुनर सिखाएंगे और उन्हें रोजगार भी दिलाएंगे। जिला की 365 औरतें सिलाई, मेकअप, ड्राइविंग, फिजियोथैरेपी, कंप्यूटर जैसी ट्रेनिंग देकर अपने पैरों पर खड़ा करके कामकाज करना सिखाएंगे और उन्हे आत्म निर्भर बनायेंगे।



# प्रताप नगर में विशाल दशहरा मेला एवं राष्ट्रीय कवि सम्मेलन 11 एवं 12 अक्टूबर को




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रताप नगर में विशाल दशहरा मेला एवं राष्ट्रीय कवि सम्मेलन प्रताप नगर विकास समिति द्वारा दिनांक 11 एवं 12 अक्टूबर 2024 को आयोजित होने वाले दो दिवसीय विशाल दशहरा मेला एवं राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में प्रताप नगर विकास समिति के महासचिव ओम प्रकाश बाहेती एवं मेला संयोजक चेतन जैन ने बताया कि दिनांक 11 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे अधर्म पर धर्म के विजय की प्रतीक विजय उत्सव रैली निकाली जाएगी । जिसका नेतृत्व विधायक बाल मुकुंद आचार्य द्वारा किया जाएगा। रैली में 51 कारे एवं अनेक दुपहिया वाहन भगवा ध्वज के साथ मुख्य मार्गों एवं बाजार से निकलेंगे तत्पश्यात सायं 6 बजे से राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें राष्ट्रीय कवि शशिकांत यादव, राजकुमार बादल, दीपक पारीक, गौरव चौहान, प्रहलाद चांडक एवं कवियत्री सुमित्रा सरल एवं मीरा दीक्षित द्वारा वीर रस, हास्य रस व श्रृंगार रस के काव्य पाठ होंगे। कवि सम्मेलन के संयोजक श्री विकास सोमानी एडवोकेट रहेंगे। दिनांक 12 अक्टूबर को दशहरा मेला आयोजित किया जाएगा जिसमें शस्त्र पूजन किया जाएगा, आर्केस्ट्रा पर संगीत एवं नृत्य का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होगा, खाने पीने की स्टॉल्स लगेगी, अनेक प्रकार के झूले लगेंगे तथा 51 फीट के रावण का दहन किया जाएगा। रावण खून के आंसू रोएगा। इस मेले में राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लोकसभा सांसद श्रीमती मंजू शर्मा एवं अनेक कैबिनेट एवं राज्य मंत्रियों, विधायकों व अनेक गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में योजन शर्मा , डॉक्टर गिरिराज शर्मा, के एल शर्मा, प्रेमचंद दफ्तरी, पी डी गुप्ता, अमित शर्मा, तुलसी सिंधी, अशोक पनपालिया, रेखा शर्मा, हंसराज, राजेश शारदा, अनिल शर्मा, सुभाष शर्मा, गौरी शंकर स्वामी, अमित शर्मा, दीवान सिंह गुर्जर सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।